**Series SKS/1/C**

कोड नं. **61/1/3**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 16 + 2 मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 21 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages and **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **21** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

(ii) **दो** अंकों वाले प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर (खण्ड क, प्रश्न संख्या 1 से 3) 30 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।

(iii) **पाँच** अंकों वाले प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर (खण्ड ख, अनुभाग I से IV, प्रश्न संख्या 4 से 14) 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए । **खण्ड ख में अनुभाग IV मूल्य आधारित प्रश्न है ।**

(iv) **दस** अंकों वाले प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर (खण्ड ग, प्रश्न संख्या 15 एवं 16) **500** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए ।

(v) खण्ड घ वाले प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं ।

(vi) उत्तर–पुस्तिका के साथ मानचित्रों को संलग्न कीजिए (खण्ड ङ) ।

**General Instructions :**

(i) *Answer **all** the questions. Some questions have internal choice. Marks are indicated against each question.*

(ii) *Answer to questions carrying **2** marks (Part A, Q. No. 1 to 3) should not exceed **30** words each.*

(iii) *Answer to questions carrying **5** marks (Part B, Section I to IV, Question No. 4 – 14) should not exceed **100** words each. **Part B, Section IV is a value based question**.*

(iv) *Answer to questions carrying **10** marks (Part C, Question No. 15 and 16) should not exceed **500** words each.*

(v) *Part D questions are based on 3 sources.*

(vi) *Attach maps with the answer-book (Part E).*

## खण्ड क
## PART A

*नीचे दिए गए **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

*Answer **all** the questions given below :*

**1.** विशाल स्नानागार, जो हड़प्पा के नगरों के दुर्ग में पाया गया है, उसकी दो विशेषताएँ बताइए । 2

Mention two features of the Great Bath on the Citadel in the Harappan towns.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

2. विजयनगर के कृषि क्षेत्रों को क़िलेबन्द भूभाग में क्यों समाहित किया जाता था ? दो कारणों का उल्लेख कीजिए । 2

Why were the agricultural tracts incorporated within the fortified area of Vijayanagara ? Mention two reasons.

3. ऐसा कहना क्यों सही नहीं होगा कि बँटवारा केवल सीधे-सीधे बढ़ते हुए सांप्रदायिक तनावों के कारण से हुआ ? स्पष्ट कीजिए । 2

Why would it be incorrect to see Partition as the outcome of a simple unfolding of communal tensions ? Explain.

## खण्ड ख
## PART B

### अनुभाग I
### SECTION I

*निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*
*Answer any **three** of the following questions :*

4. अशोक के काल में साम्राज्य के संचालन के लिए भूमि और नदीय दोनों मार्गों से आवागमन बना रहना क्यों अत्यन्त आवश्यक था ? स्पष्ट कीजिए । 5

Explain why the communication along both land and riverine routes was vital for the existence of the empire during the period of Ashok.

5 हड़प्पा सभ्यता की बस्तियों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 5

Describe the features of settlements of the Harappan Civilization.

6. महाभारत को हम 'एक गतिशील ग्रन्थ' क्यों कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए । 5

Why do we call Mahabharata 'a dynamic text' ? Explain.

7. बुद्ध की शिक्षाओं को किस प्रकार पुनर्निर्मित किया गया है ? स्पष्ट कीजिए । 5

How have the Buddha's teachings been reconstructed ? Explain.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## अनुभाग II
## SECTION II

*निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*
*Answer any **two** of the following questions :*

**8.** अल-बिरूनी की भारत के प्रति रुचि क्यों विकसित हुई ? कारण दीजिए । 5
Why did Al-Biruni develop interest in India ? Give reasons.

**9.** "लिंगायतों ने जाति की अवधारणा और कुछ समुदायों के 'दूषित' होने की ब्राह्मणीय अवधारणा का विरोध किया ।" प्रस्तुत कथन की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए । 5
"The Lingayats challenged the idea of caste and the 'pollution' attributed to certain groups by Brahmanas." Critically examine the statement.

**10.** अकबर को, कई लोगं, सभी मुग़ल बादशाहों में से महानतम क्यों मानते हैं ? स्पष्ट कीजिए । 5
Explain why is Akbar considered as the greatest of all the Mughal emperors.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## अनुभाग III
## SECTION III

*निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*
*Answer any **two** of the following questions :*

**11.** ब्रिटिश शासकों द्वारा जारी किए गए दस्तावेज़ और बंधपत्र इस नई अत्याचारपूर्ण प्रणाली के प्रतीक कैसे बन गए ? स्पष्ट कीजिए । 5
Explain how deeds and bonds were symbols of the new oppressive system introduced by the British regime.

**12.** नेहरू और गाँधीजी के आग्रह पर "अल्पसंख्यकों के अधिकारों" पर काँग्रेस द्वारा पारित प्रस्ताव की व्याख्या कीजिए । 5
Explain the resolution passed by the Congress at the initiative of Nehru and Gandhiji on "the rights of minorities".

**13.** कस्बों और गाँवों के बीच की पृथकता का वर्णन कीजिए । 5
Describe the separation between town and country.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## अनुभाग IV
## (मूल्य आधारित प्रश्न)
## SECTION IV
## (Value Based Question)

**14.** निम्नलिखित मूल्य आधारित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'वसना' नामक गाँव में, नमक यात्रा के दौरान, गाँधीजी ने ऊँची जाति वालों को संबोधित करते हुए कहा था कि "यदि आप स्वराज के हक में आवाज़ उठाते हैं तो आपको अछूतों की सेवा करनी पड़ेगी । सिर्फ़ नमक कर या अन्य करों के खत्म हो जाने से आपको स्वराज नहीं मिल जाएगा । स्वराज के लिए आपको अपनी गलतियों का प्रायश्चित करना होगा जो आपने अछूतों के साथ की हैं । स्वराज के लिए हिन्दू, मुसलमान, पारसी, और सिख सब को एकजुट होना पड़ेगा । ये स्वराज की सीढ़ियाँ हैं ।"

(i) गाँधीजी ऐसा क्यों चाहते थे कि ऊँची जाति के लोग अछूत कहे जाने वाले लोगों की सेवा करें ? स्पष्ट कीजिए । *2*

(ii) अल्पसंख्यकों तथा अछूत कहे जाने वालों के प्रति जीवन के किन मूल्यों को अपने जीवन में लाने की आवश्यकता जताई है ? *3*

Read the following value based passage given and answer the questions that follow :

"In one village, Wasna, during the Salt March, Gandhiji told the upper castes that, "If you are out for Swaraj you must serve untouchables. You won't get Swaraj merely by the repeal of salt taxes or other taxes. For Swaraj you must make amends for the wrongs which you did to untouchables. For Swaraj, Hindus, Muslims, Parsis and Sikhs will have to unite. These are the steps towards Swaraj."

(i) Why did Gandhiji want the upper class people to serve untouchables ? Explain.

(ii) What values of life are advised to bring in our attitude towards the untouchables and minorities ?



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**खण्ड ग (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

**PART C (Long Answer Questions)**

15. मुग़लकालीन भारत में कृषि आधारित समाज में महिलाओं की भूमिका की व्याख्या कीजिए । *10*

अथवा

विजयनगर में धार्मिक केन्द्र के महत्त्व को, गोपुरम तथा मण्डपों पर विशेष बल देते हुए, स्पष्ट कीजिए । *10*

Explain the role of women in the agrarian society in Mughal India.

**OR**

Explain the importance of the Sacred Centre in Vijayanagar with special emphasis on Gopurams and Mandapas.

16. आर.वी. धूलेकर एवं श्रीमती दुर्गाबाई के राष्ट्रभाषा के विषय में विचारों की समीक्षा कीजिए । *10*

अथवा

मौखिक इतिहास के महत्त्व और सीमाओं की समीक्षा कीजिए । मौखिक इतिहास विभाजन को समझने में किस प्रकार सहायक था ? स्पष्ट कीजिए । *10*

Examine the views of R.V. Dhulekar and Smt. Durgabai on the question of National Language .

**OR**

Examine the importance and limitations of the oral history. How was oral history helpful in understanding partition ? Explain.

**खण्ड घ (स्रोत आधारित प्रश्न)**

**PART D (Source Based Questions)**

17. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**समुद्रगुप्त की प्रशस्ति**

यह *प्रयाग प्रशस्ति* का एक अंश है :

> धरती पर उनका कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं था । अनेक गुणों और शुभकार्यों से संपन्न उन्होंने अपने पैर के तलवे से अन्य राजाओं के यश को मिटा दिया है । वे परमात्मा पुरुष हैं, साधु (भले) की समृद्धि और असाधु (बुरे) के विनाश के कारण हैं । वे अज्ञेय हैं । उनके कोमल हृदय को भक्ति और विनय से ही वश में किया जा सकता है । वे करुणा से भरे हुए हैं । वे अनेक सहस्र गायों के दाता



collegedunia
India's largest Student Review Platform

हैं । उनके मस्तिष्क की दीक्षा दीन-दुखियों, विरहणियों और पीड़ितों के उद्धार के लिए की गई है । वे मानवता के लिए दिव्यमान उदारता की प्रतिमूर्ति हैं । वे देवताओं में कुबेर (धन-देव), वरुण (समुद्र-देव), इंद्र (वर्षा के देवता) और यम (मृत्यु-देव) के तुल्य हैं ।

(क) समुद्रगुप्त का कोई प्रतिद्वंद्वी क्यों नहीं था ? 3

(ख) उनके कोमल हृदय को किस प्रकार वश में किया जा सकता था ? स्पष्ट कीजिए । 3

(ग) वह किसके समान था और क्यों ? 2

**अथवा**

**माता की सलाह**

*महाभारत* में उल्लेख मिलता है कि जब कौरवों और पांडवों के बीच युद्ध अवश्यंभावी हो गया तो गांधारी ने अपने ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन से युद्ध न करने की विनती की :

> शांति की संधि करके तुम अपने पिता, मेरा तथा अपने शुभेच्छुकों का सम्मान करोगे... विवेकी पुरुष जो अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखता है वही अपने राज्य की रखवाली करता है । लालच और क्रोध आदमी को लाभ से दूर खदेड़कर ले जाते हैं; इन दोनों शत्रुओं को पराजित कर राजा समस्त पृथ्वी को जीत सकता है... हे पुत्र तुम विवेकी और वीर पांडवों के साथ सानंद इस पृथ्वी का भोग करोगे... युद्ध में कुछ भी शुभ नहीं होता, ना धर्म और अर्थ की प्राप्ति होती है और ना ही प्रसन्नता की; युद्ध के अंत में सफलता मिले यह भी ज़रूरी नहीं... अपने मन को युद्ध में लिप्त मत करो...

दुर्योधन ने माँ की सलाह नहीं मानी, वह युद्ध में लड़ा और हार गया ।

(क) गांधारी ने दुर्योधन से पांडवों के विरुद्ध युद्ध न करने की विनती क्यों की ? 3

(ख) दुर्योधन ने गांधारी की विनती क्यों नहीं मानी ? 3

(ग) क्या आप दुर्योधन द्वारा लिए गए निर्णय से सहमत हैं या नहीं ? दो कारण बताइए । 2



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

## In praise of Samudragupta

This is an excerpt from the *Prayaga Prashasti* :

> He was without an antagonist on earth; he, by the over-flowing of the multitude of (his) many good qualities adorned by hundreds of good actions, has wiped off the fame of other kings with the soles of (his) feet; (he is) *Purusha* (the Supreme Being), being the cause of the prosperity of the good and the destruction of the bad (he is) incomprehensible; (he is) one whose tender heart can be captured only by devotion and humility; (he is) possessed of compassion; (he is) the giver of many hundred-thousands of cows; (his) mind has received ceremonial initiation for the uplift of the miserable, the poor, the forlorn and the suffering; (he is) resplendent and embodied kindness to mankind; (he is) equal to (the gods) Kubera (the god of wealth), Varuna (the god of the ocean), Indra (the god of rains) and Yama (the god of death) ...

(a) Why was Samudragupta without an antagonist ?

(b) How could his tender heart be captured ? Explain.

(c) He was equal to whom and why ?

**OR**

## A mother's advice

The *Mahabharata* describes how, when war between the Kauravas and the Pandavas became almost inevitable, Gandhari made one last appeal to her eldest son Duryodhana :

> By making peace you honour your father and me, as well as your well-wishers ... it is the wise man in control of his senses who guards his kingdom. Greed and anger drag a man away from his profits; by defeating these two enemies a king conquers the earth ... You will happily enjoy the earth, my son, along with the wise and heroic Pandavas ... There is no good in a war, no law (*dharma*) and profit (*artha*), let alone happiness; nor is there (necessarily) victory in the end – don't set your mind on war ...

Duryodhana did not listen to this advice and fought and lost the war.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

(a) Why did Gandhari make an appeal to Duryodhana not to fight against the Pandavas ?

(b) Why did Duryodhana not listen to Gandhari ?

(c) Do you agree or not with the stand taken by Duryodhana ? Give two reasons.

**18.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**घोड़े पर और पैदल**

डाक व्यवस्था का वर्णन इब्न बतूता इस प्रकार करता है :

भारत में दो प्रकार की डाक व्यवस्था है । अश्व डाक व्यवस्था जिसे *उलुक* कहा जाता है, हर चार मील की दूरी पर स्थापित राजकीय घोड़ों द्वारा चालित होती है । पैदल डाक व्यवस्था के प्रति मील तीन अवस्थान होते हैं; इसे *दावा* कहा जाता है, और यह एक मील का एक-तिहाई होता है... अब, हर तीन मील पर घनी आबादी वाला एक गाँव होता है जिसके बाहर तीन मंडप होते हैं जिनमें लोग कार्य आरंभ के लिए तैयार बैठे रहते हैं । उनमें से प्रत्येक के पास दो हाथ लंबी एक छड़ होती है जिसके ऊपर ताँबे की घंटियाँ लगी होती हैं । जब संदेशवाहक शहर से यात्रा आरंभ करता है तो एक हाथ में पत्र तथा दूसरे में घंटियों सहित छड़ लिए वह क्षमतानुसार तेज़ भागता है । जब मंडप में बैठे लोग घंटियों की आवाज़ सुनते हैं तो वे तैयार हो जाते हैं । जैसे ही संदेशवाहक उनके पास पहुँचता है, उनमें से एक उससे पत्र लेता है और वह छड़ हिलाते हुए पूरी ताकत से दौड़ता है, जब तक वह अगले दावा तक नहीं पहुँच जाता । पत्र के अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने तक यही प्रक्रिया चलती रहती है । यह पैदल डाक व्यवस्था अश्व डाक व्यवस्था से अधिक-तीव्र होती है; और इसका प्रयोग अकसर खुरासान के फलों के परिवहन के लिए होता है, जिन्हें भारत में बहुत पसंद किया जाता है ।

(क) डाक की *उलुक* व्यवस्था की मुख्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2

(ख) भारत की डाक व्यवस्था को देख कर इब्न बतूता आश्चर्यचकित क्यों हुआ ? 2

(ग) घंटी की आवाज़ सुनकर लोग क्या करते थे ? 2

(घ) पैदल डाक व्यवस्था की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2

**अथवा**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## बाज़ार

पेस बाज़ार का एक सजीव विवरण देता है :

> आगे जाने पर एक चौड़ी और सुंदर गली पाते हैं... इस गली में कई व्यापारी रहते हैं और वहाँ आप सभी प्रकार के माणिक्य, और हीरे, और पन्ने, और मोती, और छोटे मोती, और वस्त्र, और पृथ्वी पर होने वाली हर वस्तु जिसे आप खरीदना चाहेंगे, पाएँगे । फिर हर शाम को आप एक मेला देख सकते हैं जहाँ से कई सामान्य घोड़े तथा टट्टू और कई तुरंज और नींबू और संतरे और अंगूर और उद्यान में उगने वाली हर प्रकार की वस्तुएँ और लकड़ी मिलती है; इस गली में आप हर वस्तु पा सकते हैं ।
>
> और सामान्य रूप से वह शहर का वर्णन "विश्व के सबसे अच्छे संभरण वाले शहर" के रूप में करता है जहाँ बाज़ार "चावल, गेहूँ, अनाज, भारतीय मकई और कुछ मात्रा में जौ तथा सेम, मूँग, दालें, काला चना जैसे खाद्य पदार्थों से भरे रहते थे" जो सभी सस्ते दामों पर तथा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहते थे । फर्नाओ नूनिज़ के अनुसार विजयनगर के बाज़ार "प्रचुर मात्रा में फलों, अंगूरों और संतरों, नींबू, अनार, कटहल तथा आम से भरे रहते थे और सभी बहुत सस्ते ।" बाज़ारों में मांस भी बड़ी मात्रा में बिकता था । नूनिज़ उल्लेख करता है कि "भेड़-बकरी का मांस, सूअर, मृगमांस, तीतर-मांस, खरगोश, कबूतर, बटेर और सभी प्रकार के पक्षी, चिड़ियाँ, चूहे तथा बिल्लियाँ और छिपकलियाँ" बिसनग (विजयनगर) के बाज़ारों में बिकती थीं ।

(क) किसी शहर के किसी बाज़ार का वर्णन कीजिए जो आपने देखा है । *2*

(ख) पेस ने बाज़ार का वर्णन किस प्रकार किया है ? *3*

(ग) फर्नाओ नूनिज़ ने विजयनगर के बाज़ारों का वर्णन किस रूप में किया है ? स्पष्ट कीजिए । *3*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

**On horse and on foot**

This is how Ibn Battuta describes the postal system :

> In India the postal system is of two kinds. The horse-post, called *uluq*, is run by royal horses stationed at a distance of every four miles. The foot-post has three stations per mile; it is called *dawa*, that is one-third of a mile ... Now, at every third of a mile there is a well-populated village, outside which are three pavilions in which sit men with girded loins ready to start. Each of them carries a rod, two cubits in length, with copper bells at the top. When the courier starts from the city he holds the letter in one hand and the rod with its bells on the other; and he runs as fast as he can. When the men in the pavilion hear the ringing of the bell they get ready. As soon as the courier reaches them, one of them takes the letter from his hand and runs at top speed shaking the rod all the while until he reaches the next *dawa*. And the same process continues till the letter reaches its destination. This foot-post is quicker than the horse-post; and often it is used to transport the fruits of Khurasan which are much desired in India.

(a) Mention the main features of *uluq* system of Dak.

(b) Why was Ibn Battuta amazed to see the postal system of India ?

(c) What did the people do when they heard the ringing of the bell ?

(d) Mention two features of the foot-post.

**OR**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## The bazaar

Paes gives a vivid description of the bazaar :

> Going forward, you have a broad and beautiful street ... In this street live many merchants, and there you will find all sorts of rubies, and diamonds, and emeralds, and pearls, and seed-pearls, and cloths, and every other sort of thing there is on earth and that you may wish to buy. Then you have there every evening a fair where they sell many common horses and nags, and also many citrons, and limes, and oranges, and grapes, and every other kind of garden stuff, and wood; you have all in this street.

More generally, he described the city as being "the best-provided city in the world" with the markets "stocked with provisions such as rice, wheat, grains, India corn and a certain amount of barley and beans, moong, pulses and horse-gram" all of which were cheaply and abundantly available. According to Fernao Nuniz, the Vijayanagara markets were "overflowing with abundance of fruits, grapes and oranges, limes, pomegranates, jackfruit and mangoes and all very cheap". Meat too was sold in abundance in the marketplaces. Nuniz describes "mutton, pork, venison, partridges, hares, doves, quail and all kinds of birds, sparrows, rats and cats and lizards" as being sold in the market of Bisnaga (Vijayanagara).

(a) Describe any bazaar you have seen in any city.

(b) How was the bazaar described by Paes ?

(c) How did Fernao Nuniz describe the markets of Vijayanagara ? Explain.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**19.** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**उस दिन सूपा में**

16 मई, 1875 को, पूना के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त को लिखा :

> शनिवार दिनांक 15 मई को सूपा में आने पर मुझे इस उपद्रव का पता चला । एक साहूकार का घर पूरी तरह जला दिया गया; लगभग एक दर्जन मकानों को तोड़ दिया गया और उनमें घुसकर वहाँ के सारे सामान को आग लगा दी गई । खाते पत्र, बांड, अनाज, देहाती कपड़ा, सड़कों पर लाकर जला दिया गया, जहाँ राख के ढेर अब भी देखे जा सकते हैं ।
>
> मुख्य कांस्टेबल ने 50 लोगों को गिरफ्तार किया । लगभग 2000 रु. का चोरी का माल छुड़ा लिया गया । अनुमानतः 25,000 रु. से अधिक की हानि हुई । साहूकारों का दावा है कि 1 लाख रु. से ज़्यादा का नुक़सान हुआ है ।

(क) रैयत ने दुकानदारों और साहूकारों पर आक्रमण क्यों किया ? स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) पुलिस की प्रतिक्रिया किस प्रकार थी ? 2

(ग) इस घटना का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 2

**अथवा**

**मुस्लिम लीग का प्रस्ताव : 1940**

मुस्लिम लीग के 1940 वाले प्रस्ताव की माँग थी –

> 'कि भौगोलिक दृष्टि से सटी हुई इकाइयों को क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया जाए । जिन्हें बनाने में ज़रूरत के हिसाब से इलाक़ों का फिर से ऐसा समायोजन किया जाए कि हिन्दुस्तान के उत्तर-पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों जैसे जिन हिस्सों में मुसलमानों की संख्या ज़्यादा है, उन्हें इकट्ठा करके 'स्वतंत्र राज्य' बना दिया जाए, जिनमें शामिल इकाइयाँ स्वाधीन और स्वायत्त होंगी ।'

(क) मुस्लिम लीग के 1940 के प्रस्ताव में उनकी क्या माँगें थीं ? स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) प्रस्ताव का स्वरूप संदिग्ध कैसे देखा जाता था ? स्पष्ट कीजिए । 2

(ग) क्या मुसलमान पाकिस्तान बनाना चाहते थे ? स्पष्ट कीजिए । 2



collegedunia India's largest Student Review Platform

Read the following passage carefully and answer the questions that follow :

**On that day in Supa**

On 16 May 1875, the District Magistrate of Poona wrote to the Police Commissioner :

> On arrival at Supa on Saturday 15 May I learnt of the disturbance.
>
> One house of a moneylender was burnt down; about a dozen were forcibly broken into and completely gutted of their content. Account papers, bonds, grains, country cloth were burnt in the street where heaps of ashes are still to be seen.
>
> The chief constable apprehended 50 persons. Stolen property worth Rs. 2,000 was recovered. The estimated loss is over Rs. 25,000. Moneylenders claim it is over 1 lakh.

(a) Why did the ryots attack the shopkeepers and moneylenders ? Explain.

(b) How did the police react ?

(c) Briefly describe this incident.

**OR**

**The Muslim League resolution of 1940**

The League's resolution of 1940 demanded :

> That geographically contiguous units are demarcated into regions, which should be so constituted, with such territorial readjustments as may be necessary, that the areas in which the Muslims are numerically in a majority as in the north-Western and eastern zones of India should be grouped to constitute "Independent States", in which the constituent units shall be autonomous and sovereign.

(a) Explain the demands of Muslim League's resolution of 1940.

(b) How was the resolution seen as ambiguous ? Explain.

(c) Did the Muslims want to create Pakistan ? Explain.



collegedunia India's largest Student Review Platform

## खण्ड ङ
## PART E

**20.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर), पर निम्नलिखित महाजनपद तथा नगरों को दर्शाइए तथा नामांकित कीजिए : *5*

कौशल, पांचाल, अवन्ति, उज्जैन, तक्षशिला ।

**अथवा**

**भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर), पर निम्नलिखित क्षेत्र, जो बाबर तथा अकबर के शासन के अधीन थे, उन्हें दर्शाइए तथा नामांकित कीजिए : *5*

दिल्ली, आगरा, पानीपत, आमेर, अजमेर ।

On the given political outline map of **India** (on page 17), mark and label the following mahajanpadas and cities :

Koshala, Panchala, Avanti, Ujjain, Taxila.

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 17), mark and label the following territories under Babur and Akbar's reign :

Delhi, Agra, Panipat, Amber, Ajmer.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, मानचित्र प्रश्न (प्र. सं. 20) के स्थान पर है ।*

**Note :** *The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of the map question (Q. No. 20).*

**20.** किन्हीं पाँच महाजनपदों तथा शहरों के नाम लिखिए । *5*

**अथवा**

दक्षिण भारत के चौदहवीं – अठारहवीं सदी के किन्हीं पाँच स्थानों/शहरों के नाम लिखिए । *5*

Name any five mahajanpadas and cities.

**OR**

Mention any five places/cities of South India of fourteenth – eighteenth century.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

21. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर), पर भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के पाँच केन्द्र 1, 2, 3, 4 तथा 5 चिह्नित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए और उनके पास खींची गईं रेखाओं पर उनका नाम लिखिए । 5

On the given political outline map of **India** (on page 19), five centres of Indian National Movement have been marked as 1, 2, 3, 4 and 5. Identify them and write their names on the lines drawn near them.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, मानचित्र प्रश्न (प्र. सं. 21) के स्थान पर है ।*

**Note :** *The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of the map question (Q. No. 21).*

21. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के किन्हीं पाँच केन्द्रों के नाम लिखिए । 5

Mention any five centres of Indian National Movement.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform




collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

For question no. 20

प्रश्न सं. 20 के लिए

## Outline Map of India (Political)

### भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)





collegedunia
India's largest Student Review Platform


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

For question no. 21 — प्रश्न सं. 21 के लिए

## Outline Map of India (Political)

### भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)






collegedunia India's largest Student Review Platform